Email ID: eecd123fatehpur@gmail.com

# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम,
फतेहपुर–212601

पत्रांक : 1949/ **M-7** /118 दिनांक : 21.08.2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

विषयः– दैनिक समाचार पत्र दैनिक भाष्कर के ई–संस्करण दिनांक 21.08.2026 में प्रकाशित शीर्षक **"रामपुर में जल जीवन मिशन की टंकी से पानी नहीं:पांच साल बाद भी कई गांवों को नहीं मिल रही नियमित आपूर्ति"** के सम्बन्ध में आख्या।

महोदय,

उपरोक्त विषयक हिन्दी दैनिक समाचार पत्र **दैनिक भाष्कर** के ई–संस्करण, दिनांक 21.08.2026 में प्रकाशित **"रामपुर में जल जीवन मिशन की टंकी से पानी नहीं:पांच साल बाद भी कई गांवों को नहीं मिल रही नियमित आपूर्ति"** के माध्यम से प्राप्त शीर्षक के सन्दर्भ में अवगत कराना है कि विकास खण्ड–विजयीपुर अन्तर्गत रामपुर पेयजल योजना के अनुरक्षण तथा संचालन हेतु फर्म **मे0 सुधाकरा इन्फ्रा–कैपिटल इलेक्टेक (जे0वी0), गाजियाबाद** को आवन्टित कर दिया गया है। वर्तमान में योजना पर पाइप लाइन लीकेज मरम्मत की कार्यवाही की जा रही है। यथाशीघ्र पाइप लाइन लीकेज मरम्मत कराकर योजना से सुचारू जलापूर्ति सुनिश्चित होगी।

सादर सूचनार्थ प्रेषित।

भवदीय,

(अनुराग गौतम)
अधिशासी अभियन्ता

टॉप न्यूज़
राज्य-शहर
भास्कर इन्वेस्टिगेशन
क्रिकेट
भास्कर खास
DB ओरिजिनल
स्पोर्ट्स
बॉलीवुड
जॉब - एजुकेशन
बिजनेस
लाइफस्टाइल
जीवन मंत्र
वुमन
देश
विदेश
राशिफल
टेक - ऑटो
फेक न्यूज एक्सपोज़
ओपिनियन
मधुरिमा

# रामपुर में जल जीवन मिशन की टंकी से पानी नहीं: पांच साल बाद भी कई गांवों को नहीं मिल रही नियमित आपूर्ति

रामू | पहाड़पुर, फतेहपुर
21 घंटे पहले



पहाड़पुर विजयीपुर। योगी सरकार की महत्वाकांक्षी 'हर घर जल, हर घर नल' योजना रामपुर ग्राम पंचायत में सफल नहीं हो पा रही है। लगभग पांच वर्ष पहले बनी जल जीवन मिशन की पानी टंकी से रामपुर सहित कई गांवों को अब तक नियमित पेयजल आपूर्ति नहीं मिल सकी है। ग्रामीणों का आरोप है कि यह योजना केवल कागजों तक सीमित है और संबंधित अधिकारी इस समस्या पर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

दैनिक भास्कर को Google पर पसंदीदा सोर्स बनाएं → +Follow us

वीडियो
और देखें